**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 993**

**दिनांक 08 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**मेडिकल कॉलेजों की स्थापना**

993. **श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:**
**श्री संजय जाधव:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने प्रत्येक तीन जिलों/संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की घोषणा की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके लिए क्या लक्ष्य और समय -सीमा निर्धारित की गई है;

(ग) देश विशेषकर उस्मानाबाद (धाराशिव) संसदीय क्षेत्र में राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार कितने सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज संचालित हैं;

(घ) क्या सरकार का केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से सम्बद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना करने संबंधी किसी योजना का प्रस्ताव है, यदि हां, तो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कितने मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार का उक्त योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र के उस्मानाबाद (धाराशिव) संसदीय क्षेत्र में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क) से (ङ): राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के अनुसार, महाराष्ट्र के उस्मानाबाद (धाराशिव) में शैक्षणिक वर्ष 2022-23 से कार्यशील सरकारी मेडिकल कॉलेज, जिसमें एमबीबीएस की 100 सीटों की वार्षिक प्रवेश क्षमता है, सहित देश में कुल 706 मेडिकल कॉलेज हैं। देश में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से जुड़े नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केन्द्रीय प्रायोजित योजना (सीएसएस) का संचालन करता है, जिसमें अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है, को प्राथमिकता दी जाती है। केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधियों की भागीदारी की व्यवस्था पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 के अनुपात में और अन्य के लिए 60:40 के अनुपात में है। इस योजना के अंतर्गत, सभी परिकल्पित 157 सरकारी मेडिकल कॉलेजों को पहले ही तीन चरणों में अनुमोदित किया जा चुका है। योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, परियोजना की आयोजना, निष्पादन और कमीशन का कार्य राज्य सरकार द्वारा किया जाना है। महाराष्ट्र सहित इस योजना के अंतर्गत अनुमोदित 157 मेडिकल कॉलेजों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक-2 में दिया गया है। इसके अलावा, नागपुर में पहले ही अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना प्रधान मंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत की गई है और यह कार्यशील है।

*****

**अनुलग्नक-I**

**शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए देश में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | सरकारी मेडिकल कॉलेज | निजी मेडिकल कॉलेज | कुल कॉलेज |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | 0 | 1 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 18 | 19 | 37 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | 0 | 1 |
| 4 | असम | 13 | 0 | 13 |
| 5 | बिहार | 13 | 8 | 21 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 | 0 | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 11 | 3 | 14 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 1 | 0 | 1 |
| 9 | दिल्ली | 8 | 2 | 10 |
| 10 | गोवा | 1 | 0 | 1 |
| 11 | गुजरात | 23 | 17 | 40 |
| 12 | हरियाणा | 6 | 9 | 15 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 7 | 1 | 8 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 11 | 1 | 12 |
| 15 | झारखंड | 7 | 2 | 9 |
| 16 | कर्नाटक | 24 | 46 | 70 |
| 17 | केरल | 12 | 21 | 33 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 15 | 12 | 27 |
| 19 | महाराष्ट्र | 32 | 36 | 68 |
| 20 | मणिपुर | 3 | 1 | 4 |
| 21 | मेघालय | 1 | 0 | 1 |
| 22 | मिजोरम | 1 | 0 | 1 |
| 23 | नागालैंड | 1 | 0 | 1 |
| 24 | ओडिशा | 12 | 5 | 17 |
| 25 | पुद्दुचेरी | 2 | 7 | 9 |
| 26 | पंजाब | 5 | 7 | 12 |
| 27 | राजस्थान | 26 | 9 | 35 |
| 28 | सिक्किम | 0 | 1 | 1 |
| 29 | तमिलनाडु | 38 | 36 | 74 |
| 30 | तेलंगाना | 28 | 28 | 56 |
| 31 | त्रिपुरा | 1 | 1 | 2 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 35 | 33 | 68 |
| 33 | उत्तराखंड | 5 | 3 | 8 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 26 | 9 | 35 |

**अनुलग्नक-II**

**मौजूदा जिला/रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत अनुमोदित 157 मेडिकल कॉलेजों का राज्य-वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कॉलेजों की संख्या | जिले |
|---|---|---|---|
| | | **चरण-I (58)** | |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 1 | पोर्ट ब्लेयर |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1 | नाहरलागुन |
| 3 | असम | 4 | धुबरी, नगांव, उत्तरी लखीमपुर, दीफू |
| 4 | बिहार | 3 | पूर्णिया, सारण (छपारा), समस्तीपुर |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 2 | राजनांदगांव, सरगुजा |
| 6 | हिमाचल प्रदेश | 3 | चंबा, हमीरपुर, नाहन (सिरमौर) |
| 7 | हरियाणा | 1 | भिवानी |
| 8 | झारखंड | 3 | दुमका, हजारीबाग, पलामू (डाल्टनगंज) |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 5 | अनंतनाग, बारामूला, राजौरी, डोडा, कठुआ |
| 10 | मध्य प्रदेश | 7 | दतिया, खंडवा, रतलाम, शहडोल, विदिशा, छिंदवाड़ा, शिवपुरी |
| 11 | महाराष्ट्र | 1 | गोंदिया |
| 12 | मेघालय | 1 | वेस्ट गारो हिल्स (तुरा) |
| 13 | मिजोरम | 1 | फलकाव |
| 14 | नागालैंड | 1 | नागा अस्पताल (कोहिमा) |
| 15 | ओडिशा | 5 | बालासोर, बारीपदा (मयूरभंज), बोलांगीर, कोरापुट, पुरी |
| 16 | पंजाब | 1 | एसएएस नगर |
| 17 | राजस्थान | 7 | बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चूरू, डूंगरपुर, पाली, सीकर |
| 18 | उत्तर प्रदेश | 5 | बस्ती, फैजाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, बहराइच |
| 19 | उत्तराखंड | 1 | अल्मोड़ा |
| 20 | पश्चिम बंगाल | 5 | बीरभूम (रामपुर हाट), कूचबिहार, डायमंड हार्बर, पुरुलिया, रायगंज (उत्तर दिनाजपुर) |
| | | **चरण-II (24)** | |
| 1 | बिहार | 5 | सीतामढ़ी, झंझारपुर, सीवान, बक्सर, जमुई |
| 2 | झारखंड | 2 | कोडेरमा, चाईबासा (सिंहभूम) |
| 3 | मध्य प्रदेश | 1 | सतना |
| 4 | ओडिशा | 1 | जाजपुर |
| 5 | राजस्थान | 1 | धौलपुर |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | कॉलेजों की संख्या | जिले |
|---|---|---|---|
| 6 | उत्तर प्रदेश | 8 | एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर (डुमरियागंज), देवरिया, गाजीपुर, मिर्जापुर |
| 7 | पश्चिम बंगाल | 5 | बारासात, उलुबेरिया, आरामबाग, झारग्राम, तामलुक |
| 8 | सिक्किम | 1 | गंगटोक |
| **चरण-III (75)** | | | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 3 | पिदुगुराल्ला, पाडेरू, मछलीपट्टनम |
| 2 | असम | 1 | कोकराझार |
| 3 | छत्तीसगढ़ | 3 | कोरबा, महासमुंद, कांकेर |
| 4 | गुजरात | 5 | नर्मदा, नवसारी, पंचमहल, पोरबंदर, मोरबी |
| 5 | जम्मू और कश्मीर | 2 | उधमपुर, हंदवाड़ा (जिला) कुपवाड़ा) |
| 6 | कर्नाटक | 4 | चिकमंगलुरु, हावेरी, यादगिरी, चिक्काबल्लापुरा |
| 7 | लद्दाख। | 1 | लेह |
| 8 | मध्य प्रदेश | 6 | राजगढ़, मंडला, नीमच, मंदसौर, श्योपुर, सिंगरौली |
| 9 | महाराष्ट्र | 1 | नंदुरबार |
| 10 | मणिपुर | 1 | चुराचंदपुर |
| 11 | नागालैंड | 1 | मोन |
| 12 | ओडिशा | 1 | कालाहांडी |
| 13 | पंजाब | 2 | कपूरथला, होशियारपुर |
| 14 | राजस्थान | 15 | अलवर, बारां, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, करौली, नागौर, श्रीगंगानगर, सिरोही, बूंदी, सवाई माधोपुर, टोंक, हनुमानगढ़, झुंझुनू, दौसा |
| 15 | उत्तराखंड | 3 | रुद्रपुर (जिला)। उधम सिंह नगर), पिथौरागढ़, हरिद्वार |
| 16 | उत्तर प्रदेश | 14 | बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोंडा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, चंदौली, बुलंदशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी, अमेठी |
| 17 | तमिलनाडु | 11 | तिरुप्पुर, नीलगिरी, रामनाथपुरम, नमक्कल, डिंडीगुल, विरुधुनगर, कृष्णागिरी, तिरुवल्लूर, नागपट्टिनम, अरियालुर, कल्लाकुरिची |
| 18 | पश्चिम बंगाल | 1 | जलपाईगुड़ी |